>

Title: Need to expedite setting up of a Doordarshan Kendra in Udaipur, Rajasthan.

श्रीमती किरण माहेश्वरी (उदयपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं।

अध्यक्ष महोदय: Hence, I have called you. सबके विषय महत्वपूर्ण होते हैं।

श्रीमती किरण माहेश्वरी : आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। मेरे क्षेत्र का यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है। उदयपुर में दूरदर्शन केन्द्र की स्थापना के लिए हमने सरकार से लम्बे समय से मांग की थी और सरकार ने आश्वासन दिया था कि वहां एक दूरदर्शन केन्द्र खोला जाएगा। हम लोगों ने इस सम्बन्ध में केन्द्रीय मंत्री जी को पत्र भी लिखा था। उन्होंने जवाब दिया था, जिसमें 11वीं पंचवर्षीय योजना में उदयपुर में एक दूरदर्शन केन्द्र स्थापित करने के बारे में हमें आश्वस्त किया था। अब जबकि 11वीं पंचवर्षीय योजना शुरू हो चुकी है, लेकिन आज तक इस बारे में यह नहीं बताया गया कि वह दूरदर्शन केन्द्र खुलेगा या नहीं। उदयपुर एक आदिवासी इलाका है। अगर उस क्षेत्र में दूरदर्शन केन्द्र स्थापित कर दिया जाए तो वहां के जो हैंडीक्राफ्ट का काम करने वाले जो लोग हैं और जो वहां के आर्टिस्ट्स हैं, उनके लिए यह केन्द्र काफी उपयोगी होगा। इसके साथ ही यह केन्द्र पूरे राजस्थान के लिए भी उपयोगी होगा। [R15] इसलिए आपके माध्यम से, मैं सरकार से मांग करती हूं कि जल्द से जल्द उदयपुर के दूरदर्शन केन्द्र के बारे में गंभीरता से विचार करके स्वीकृति प्रदान करें।

MR. SPEAKER: Now, I give the floor to Dr. K.S. Manoj.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Half-an-hour is over. I am only following your own decision.

SHRI BRAJA KISHORE TRIPATHY : Sir, I may be allowed to speak. ...(*Interruptions*)

*t15

Title: Strike by the contract workers of Neyveli lignite corporation for redressal of their grievances.